State Council of Educational
Research & Training, Chhattisgarh
Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और
प्रशिक्षण परिषद,छत्तीसगढ़,
शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email:scertcg@gmail.com

पत्र क्र./NISHTHA 3.0/FLN/2021/3216 रायपुर, दिनांक 30.09.2021

प्रति,

(1) समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
जिलाः–.................................

(2) समस्त प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान

(3) समस्त जिला मिशन समन्वयक
जिलाः–.................................

**विषय** :– दीक्षा एप/पोर्टल पर NISHTA 3.0(FLN) **ऑनलाइन** प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रथम चरण माह अक्टूबर 2021 मे जारी होने वाले दो कोर्स (माड्यूल–1 एवं माड्यूल–2) विषयक।

–––000–––

NISHTA 3.0(FLN) **ऑनलाइन** प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य के **समस्त शासकीय एवं अनुदान प्राप्त** विद्यालयों के कक्षा 1 से 5 तक में अध्यापन करने वाले समस्त शिक्षक एवं प्रधानपाठकों को ऑन लाइन प्रशिक्षण लिया जाना अनिवार्य है।

**इस कार्यकम के लिए कुल 12 माड्यूल है। प्रशिक्षण के प्रथम चरण मे** माह अक्टूबर 2021 दो माड्यूल (कोर्स 1–बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान मिशन का परिचय एवं कोर्स 2– दक्षता आधारित शिक्षा की ओर बढ़ना) 01 **अक्टूबर 2021 से जारी किए जा रहे हैं। समस्त प्रतिभागियों को उपरोक्त दोनो माड्यूल को 01 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक पृथक–पृथक नामांकन करना होगा तथा 31 अक्टूबर तक दोनो कोर्स (माड्यूल) अनिवार्य रुप से पूर्ण करना होगा।**

➢ **दीक्षा एप में पंजीयन हेतु निर्देश** –

1. यदि आपके मोबाइल में दीक्षा एप पहले से इंस्टॉल है तो उसे अनइंस्टॉल कर लें ।
2. गूगल प्ले स्टोर से दीक्षा एप इंस्टॉल करें। कृपया सुनिश्चित करें कि दीक्षा एप का वर्जन 4.0 या उससे ऊपर हो ।
3. दीक्षा एप को ओपन करें, अपनी भाषा सेलेक्ट करें, शिक्षक सेलेक्ट करें, बोर्ड चुने (State Chhattisgarh), माध्यम हिंदी चुनें, कक्षा चुनें ।
4. यदि आपने पूर्व मे पंजीयन कर लिया है और पासवर्ड भूल जाने के कारण लागिन नहीं कर पा रहें हैं तो Forget Passward की सहायता से नया पायवर्ड बना लेवें।
5. दीक्षा एप मे पंजीयन हेतु दीक्षा एप के निचले दाएं भाग में स्थित प्रोफाइल पर क्लिक करें, लॉगिन बटन को क्लिक करें, "Register Here" पर क्लिक कर पंजीयन करें ।

6. पंजीयन हेतु जन्म का वर्ष, नाम, मोबाइल नंबर, पासवर्ड (अपने अनुसार रखना है जो कम से कम 8 अक्षरों का होगा जिसमें एक Uppercase, एक Lowercase, एक Number और एक Special Character होना अनिवार्य है)।
7. पंजीयन पूर्ण होने के उपरांत दीक्षा एप पर लॉगिन करें तथा निचले दाएं भाग में प्रोफाइल को क्लिक करें।
8. प्रोफाइल में विवरण जमा करें को क्लिक करें यहां पर "I wish to share my data with" में Chhattisgarh को सेलेक्ट कर **सबमिट** करें।
9. अपने राज्य बोर्ड संस्था द्वारा अनुरोध किया गया आईडी दर्ज करें यहां शासकीय विद्यालयों के शिक्षक 11 अंकों का E-Kosh आईडी (एम्पलाई कोड) की प्रविष्टि करेंगे तथा शासकीय अनुदान प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक इसे खाली छोड़ देंगे।
10. राज्य संगठन के लिए मोबाइल नंबर में – अपना मोबाइल नंबर प्रविष्ट करें।
11. राज्य संगठन के लिए ईमेल आईडी में – अपना ईमेल आईडी प्रविष्ट करें।
12. "मैं दीक्षा एडमिन के साथ इन विवरणों को साझा करने के लिए सहमत हूं" को चेक करें इसके पश्चात जमा करें पर क्लिक करें। कृपया ध्यान रखें "विवरण जमा करें" की जानकारी के आधार पर ही आपको ऑनलाइन प्रशिक्षण हेतु डाटा पैक की प्रतिपूर्ति के लिए प्रविष्टि कराई जाएगी, इसलिए इस विवरण का सही–सही प्रविष्ठ करना अनिवार्य है।

➢ **कोर्स–1 एवं कोर्स–2 का पंजीयनः– ( CG_FLN_01 & CG_FLN_02 )**

1. दीक्षा एप में लॉगिन करें, लॉगिन उपरांत अपना व्यक्तिगत विवरण अच्छी तरह से जांच लें।
2. दीक्षा एप में, ऊपर दाएं कोने पर स्थित **सर्च बटन** को क्लिक करें एवं **CGFLN2021** अथवा **CG_FLN** टाइप करें।
3. आपको नीचे बाएं कोने पर निम्न कोर्स आइकॉन दिखाई देगा।
   - **CG_FLN_01** बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान मिशन का परिचय
   - **CG_FLN_02** दक्षता आधारित शिक्षा की ओर बढ़ना।

   (यहां कृपया ध्यान रखें त्रुटिवश अन्य राज्य के कोर्स ज्वाइन ना करें, गत वर्ष यह देखा गया है कि शिक्षक गलती से चंडीगढ़ का कोर्स ज्वाइन कर लेते हैं जो सामान्यतः CH_ से प्रारंभ होता है)

निम्न लिंक/क्यू आर स्केनर का भी उपयोग कर सकते हैं।

**CG_FLN_01-बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान मिशन का परिचय**

https://diksha.gov.in/learn/course/do_31337622142361600014038

DO ID: do_31337622142361600014038

S2P4E7

**Search Keyword: CGFLN2021 S2P4E7 CG_FLN_01**

**CG_FLN_02-दक्षता आधारित शिक्षा की ओर बढ़ना**

https://diksha.gov.in/learn/course/do_31337628406125363214394

DO ID: do_31337628406125363214394

A5P9Y5

**Search Keyword: CGFLN2021 A5P9Y5 CG_FLN_02**

4. प्रत्येक कोर्स में अलग–अलग क्लिक कर "कोर्स में नामांकन कीजिए" में क्लिक करें । कोर्स में नामांकन दिनांक 1 अक्टूबर 2021 से करना है तथा दोनो कोर्स को दिनांक 31 अक्टूबर 2021 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करना है।

5. मोबाइल में दीक्षा एप पर यदि किसी मॉड्यूल के प्रशिक्षण में समस्या आती है तो लैपटॉप / डेस्कटॉप या मोबाइल में ब्राउज़र की सहायता से दीक्षा के वेबसाइट http://diksha.gov.in में लॉगिन करके भी अपना प्रशिक्षण पूरा किया जा सकता है।

6. प्रत्येक कोर्स पूर्ण होने पर आपको प्रमाण पत्र ऑनलाइन दीक्षा पोर्टल के माध्यम से जारी होगा इसे डाउनलोड कर सुरक्षित रख लें।

7. मोबाइल पर किन्ही कारणों से प्रमाण पत्र डाउनलोड ना हो या अपूर्ण प्रमाण पत्र डाउनलोड होने पर ब्राउज़र पर जाकर दीक्षा के वेबसाइट http://diksha.gov.in के माध्यम से भी अपना प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

8. यदि आपको कोई तकनीकी समस्या हो तो cgschool.in के सक्रिय सदस्यों से सहयोग प्राप्त करें।

9. सहयोग हेतु अगले स्तर, पर जिला स्तर पर समग्र शिक्षा के प्रोग्रामर से सहायता प्राप्त करें।

10. समग्र शिक्षा के प्रोग्रामर आवश्यकता होने पर राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद अथवा समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना कार्यालय से सहायता प्राप्त करेंगे।

11. एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट http://scert.cg.gov.in पर निष्ठा प्रशिक्षण से सम्बंधित विडियो हेल्प अपलोड किए गए हैं। कृपया तकनीकी समस्या होने पर विडियो हेल्प देखें।

12. निष्ठा ऑनलाइन प्रशिक्षण 3.0 के अंतर्गत 12 कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण कर प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले समस्त शिक्षक एवं प्रधानपाठकों को संपूर्ण कार्यक्रम हेतु राशि 900/– रूपये (नौ सौ रूपये) डाटा पैक हेतु प्रतिपूर्ति (Reimbursement) राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा देय होगा।

13. निष्ठा 3.0 के अन्तर्गत **समस्त शासकीय एवं अनुदान प्राप्त** विद्यालयों के कक्षा 1 से 5 तक में अध्यापन करने वाले समस्त शिक्षक एवं प्रधानपाठकों को यह प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है।

यह प्रशिक्षण पूर्ण नहीं करने वाले समस्त प्रतिभागियों के विरूद्ध जिला शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

(डी. राहुल वेंकट IAS)
**संचालक**
एस.सी.ई.आर.टी. छ.
ग. रायपुर

पृ.क्र/NISHTHA 3.0/FLN/2021/3217 रायपुर, दिनांक 30.09.2021

प्रतिलिपि,

1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, अटल नगर, महानदी भवन, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, अटल नगर, महानदी भवन, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
3. संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
4. प्रबंध संचालक, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय को सूचनार्थ।
5. समस्त कलेक्टर, समस्त जिला को सूचनार्थ सम्प्रेषित।
6. संयुक्त संचालक,संभागीय कार्यालय को सूचनार्थ।

**संचालक**
एस.सी.ई.आर.टी. छ.ग. रायपुर